दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 37 | पंचकूला। शनिवार, 14 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

**सुविचार**

लोगों को कभी भी तस्वीरों की पूजा पाठ नहीं करनी चाहिए, मानसिक अन्धकार का फैलाव मूर्ति पूजा के प्रचलन की वजह से हैं।

## एक नजर

### सेक्टर-7 दुर्गा माता मंदिर में रामकथा का पांचवां दिन, अयोध्या कांड का हुआ भावपूर्ण वर्णन




**पंचकूला.** सेक्टर-7 स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में चल रही रामकथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित गणेशानंद मिश्रा जी महाराज ने रामचरितमानस के अयोध्या कांड का प्रसंग सुनाना प्रारंभ किया। कथा में उन्होंने बताया कि संध्या समय भगवान राम को सूचना मिलती है कि अगले दिन उनका अयोध्या के राजा के रूप में राज्याभिषेक होने वाला है। लेकिन अगले दिन सुबह यह समाचार मिलता है कि माता कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए हैं, जिसके चलते भरत को राजा बनाया जाएगा और भगवान राम को 14 वर्ष के लिए वनवास जाना होगा। कथा व्यास ने बताया कि भगवान राम को राजा बनने की सूचना मिली तो वे अत्यधिक प्रसन्न नहीं हुए और जब वनवास का समाचार मिला तो भी वे दुखी नहीं हुए। सुख और दुख दोनों परिस्थितियों में जो व्यक्ति समान भाव बनाए रखता है, वही सच्चा योगी होता है। वनवास के लिए प्रस्थान करते हुए भगवान राम श्रृंगवेरपुर पहुंचे, जहां उनकी भेंट निषादराज गुह से हुई। इसके बाद वे गंगा तट पर पहुंचे और केवट से नाव मांगी। केवट ने भगवान को अपनी नाव में बैठाकर गंगा पार कराई। इस प्रसंग के साथ मेरी नईया में लखन सीता राम, गंगा मैया धीरे बहो भजन गाया गया, जिसके साथ कथा को विश्राम दिया गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान राम का चरित्र आदर्श है और वर्तमान समय में रामकथा से मनुष्य को जीवन जीने की सही राह मिलती है। इस अवसर पर अशोक जिंदल, योगराज बंसल, बृजलाल गर्ग, अनिल गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, पवन गर्ग, भगवान दास गोयल, सतीश कुमार अग्रवाल, देवेंद्र सिंह सैनी, सुमेश कुमार शर्मा, अरुण नाकरा, वेद प्रकाश गर्ग, राम गोपाल गोयल, हरीश गुप्ता, राधे श्याम गुप्ता, आर.सी. गुप्ता, भतेरी देवी, संतोष भूटानी, श्याम लाल मित्तल, सुभाष जैन, दिनेश गुप्ता, धर्मपाल सिंगला, बृषभान गर्ग, दीपक लूथरा, एम.एल. गोयल, विमल शर्मा, मुकेश गर्ग, राकेश गर्ग, राजबाला बंसल और उषा गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया



**पंचकूला।** माता मनसा देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि रुक्मणि जी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं और उन्होंने अपने भाई रुक्मी द्वारा शिशुपाल से विवाह तय किए जाने पर श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर सहायता मांगी। साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणि जी की भक्ति और प्रेम को स्वीकार करते हुए उन्हें विवाह मंडप से हरकर अपने साथ ले गए और बाद में विधिपूर्वक उनसे विवाह किया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्चे मन से की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती और भगवान अपने भक्तों की रक्षा अवश्य करते हैं। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मणि विवाह की झांकी का भी श्रद्धापूर्वक दर्शन किया। इस धार्मिक आयोजन की आयोजक पिंकी दनोदा पत्नी ओमप्रकाश दनोदा हैं। इस अवसर पर राम अवतार, विमला देवी सेक्टर 21 पंचकूला, अनिल बामला, विजयलक्ष्मी, जेपी शर्मा, ओम्पति मनीमाजरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 4 दिन बारिश और तेज आंधी की चेतावनी, उत्तर भारत में यलो अलर्ट जारी



**चंडीगढ़.** पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने शनिवार से अगले चार दिनों तक कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसको लेकर विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतर क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा, हालांकि कुछ इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों से सटे इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। विशेष रूप से पठानकोट और अमृतसर में सुबह के समय बूंदाबांदी हुई। तापमान की बात करें तो इसमें अभी कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है और यह सामान्य से करीब 3.8 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। सबसे अधिक अधिकतम तापमान श्री आनंदपुर साहिब में 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के सात जिलों में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया है। इनमें रूपनगर में 33.5 डिग्री, मोहाली में 32.7 डिग्री, पटियाला और फरीदकोट में 32.2 डिग्री, होशियारपुर और एसबीएस नगर में 31.5 डिग्री तथा लुधियाना में 30.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग का कहना है कि शनिवार से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे तापमान में गिरावट आने और मौसम सुहावना होने की संभावना है। 20 मार्च तक राज्य के पूर्वी जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान उत्तर और पूर्वी हिस्सों में 26-28 डिग्री, मध्य हिस्सों में 28-30 डिग्री और दक्षिणी हिस्सों में 30-32 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। पूरे राज्य में दिन का तापमान इस हफ्ते सामान्य से थोड़ा अधिक रहने की उम्मीद है।

**प्रोग्रेसिव पंजाब निवेशक शिखर सम्मेलन 2026 में अमरटेक्स का बड़ा ऐलान**

# कृषि अपशिष्ट परियोजना में 100 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य, अरुण ग्रोवर की अहम भूमिका

पंचकूला ऑब्जर्वर

**मोहाली.** मोहाली स्थित प्लाक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित प्रगतिशील पंजाब निवेशकों का शिखर सम्मेलन 2026 के उद्घाटन समारोह में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की उपस्थिति में पंजाब में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं।

इस अवसर पर अमरटेक्स उद्योग समूह लिमिटेड की ओर से एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए समूह के अध्यक्ष एवं संस्थापक अरुण ग्रोवर ने बताया कि कंपनी ने पंजाब में आगामी कृषि अपशिष्ट परियोजना के तहत लगभग 100 करोड़ रुपये निवेश करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से कृषि अवशेषों का आधुनिक तकनीक से उपयोग कर उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ किसानों और ग्रामीण युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।अरुण ग्रोवर ने कहा कि पंजाब कृषि प्रधान राज्य है और यहां कृषि अवशेषों का सही उपयोग कर उद्योगों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

अमरटेक्स समूह का यह कदम न केवल औद्योगिक विकास को गति देगा बल्कि राज्य में हरित एवं टिकाऊ उद्योगों को भी प्रोत्साहित करेगा।समिट के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि मार्च 2022 से अब तक पंजाब में लगभग 1.58 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है, जिससे 5.5 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत उद्योगपतियों को बेहतर और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा रहा है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि 20 मार्च से लुधियाना में टाटा समूह का बड़ा इस्पात संयंत्र शुरू होने जा रहा है, जो राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति देगा।वक्ताओं ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन केवल एक औद्योगिक कार्यक्रम नहीं बल्कि पंजाब की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार के नए युग की शुरुआत है। सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है।अंत में सभी उद्योगपतियों और निवेशकों से पंजाब में निवेश कर राज्य के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया गया और मिलकर रंगला पंजाब के निर्माण का संकल्प दोहराया गया।




## घबराहट में आकर न करें एलपीजी बुकिंग', देश में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति, सरकार ने लोगों से की ये अपील

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में रसोई गैस (एलपीजी) का घरेलू उत्पादन करीब 30 प्रतिशत बढ़ गया है और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि 5 मार्च की तुलना में देश की रिफाइनरियां अब करीब 30 प्रतिशत अधिक एलपीजी का उत्पादन कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि घरों और जरूरी संस्थानों को रसोई गैस की सप्लाई बिना किसी रुकावट के मिलती रहे। शर्मा ने बताया कि एलपीजी सप्लाई में घरों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर राज्य सरकारों को भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि जरूरत के हिसाब से वे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वितरित कर सकें। सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया है कि देश के पास पर्याप्त रिफाइनिंग क्षमता और ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। भारत की मौजूदा कच्चे तेल को रिफाइन करने की क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है, और देश की रिफाइनरियां फिलहाल पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि इसी वजह से भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है, जिससे इन ईंधनों के आयात की जरूरत कम हो गई है।

उन्होंने बताया कि देश में कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है और करीब एक लाख पेट्रोल पंपों में से किसी ने भी ईंधन खत्म होने की स्थिति की सूचना नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और उनके पास पर्याप्त ईंधन का स्टॉक मौजूद है। शर्मा के अनुसार, रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी मौजूद है, और इसकी आपूर्ति लगातार की जा रही है ताकि संचालन सुचारु बना रहे। सरकार ने यह भी कहा कि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की सप्लाई भी पूरी तरह स्थिर है। शर्मा ने बताया कि घरों के लिए पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी है। वर्तमान में देश में लगभग 1.5 करोड़ घर पीएनजी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, जबकि गैस पाइपलाइन के पास स्थित करीब 60 लाख घर आसानी से पीएनजी कनेक्शन ले सकते हैं। उन्होंने ऐसे उपभोक्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि एलपीजी की मांग पर दबाव भी कम हो सके।

## महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र आयोजित किया

पंचकूला ऑब्जर्वर



**जीरकपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मदरहुड हॉस्पिटल्स ने नन्हे कदम एनजीओ के सहयोग से बलटाना के हेम विहार फेज-2 में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य माताओं और किशोरियों को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं, रोकथाम आधारित स्वास्थ्य देखभाल और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक करना था।दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस सत्र में स्थानीय समुदाय की करीब 40 महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, किशोर स्वास्थ्य तथा बीमारियों की शुरुआती पहचान जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर चिकित्सकीय परामर्श, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित जांच से महिलाओं व बच्चों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में बच्चों की विशेषज्ञ डॉ. निशा कुमारी, कंसल्टेंट ङ्क पीडियाट्रिशियन, मदरहुड चैतन्य हॉस्पिटल, जिरकपुर, ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, शारीरिक बदलावों को समझने और स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती संकेतों की पहचान के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने माताओं और बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी जोर दिया।इस अवसर पर श्रीमती रेनू गोयल, संस्थापक, नन्हे कदम ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को शिक्षित करना आत्मनिर्भर और सशक्त समाज बनाने की पहली सीढ़ी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाते हैं और मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों को तोड़ने में मदद करते हैं।

### फिल्म टिकट दाम बढ़ाने के नियम पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य सरकार को फिल्म की रिलीज तिथि से कम से कम 90 दिन पहले टिकटों की कीमतों में किसी भी प्रकार की वृद्धि की सूचना देने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की खंडपीठ ने फिल्म निर्माता मैत्री मूवी मेकर्स की याचिका पर तेलंगाना सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। तेलंगाना हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल-न्यायाधीश पीठ के अंतरिम आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। एकल न्यायाधीश पीठ ने 20 जनवरी को राज्य सरकार को तेलंगाना सिनेमा विनियमन अधिनियम 1955 की धारा सात ए के तहत फिल्म की रिलीज तिथि से 90 दिन पहले टिकटों की कीमतों में वृद्धि पर कोई भी निर्णय लोगों के सामने रखने का निर्देश दिया था।

## 'भारत हमारा दोस्त है और होर्मुज स्ट्रेट से इंडिया के जहाजों को सुरक्षित रास्ता देंगे', युद्ध के बीच ईरान का बड़ा बयान

**नई दिल्ली.** फारस की खाड़ी में बढ़ते तनाव और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बीच भारत में Iran के राजदूत Mohammad Fathali ने संकेत दिया है कि भारत को महत्वपूर्ण वैश्विक जलमार्ग Strait of Hormuz से सुरक्षित आवाजाही मिल सकती है। पत्रकारों से बातचीत में फथली ने कहा कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से भारत की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने से जुड़े घटनाक्रम जल्द सामने आ सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिलेगा, तो उन्होंने सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि भारत ईरान का मित्र देश है और जल्द ही इस संबंध में स्पष्ट स्थिति दिखाई दे सकती है। ईरानी राजदूत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब Persian Gulf क्षेत्र में जारी तनाव के कारण इस समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यह संकरा समुद्री गलियारा खाड़ी क्षेत्र को वैश्विक बाजारों से जोड़ने का अहम माध्यम माना जाता है। राजदूत फथली ने कहा कि ईरान और भारत के बीच गहरे संबंध हैं और दोनों देशों के क्षेत्र में कई साझा हित हैं। उन्होंने कहा कि तेहरान और नई दिल्ली के बीच सहयोग और मित्रता का रिश्ता लंबे समय से मजबूत रहा है।

### ईरान के 15 हजार ठिकानों पर किए हमले, अंडरग्राउंड हुई लीडरशिप

**वॉशिंगटन.** अमेरिका ने दावा किया है कि मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के दौरान उसने और इजरायल ने मिलकर ईरान के 15 हजार से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। यह जानकारी अमेरिकी रक्षा मंत्री Pete Hegseth ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में दी। हेगसेथ ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से United States और Israel की वायु सेनाओं ने संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई की है। उनके मुताबिक अब तक 15,000 से ज्यादा लक्ष्यों को निशाना बनाया जा चुका है और कई दिनों में एक हजार से अधिक हमले किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि शुक्रवार को इस अभियान के दौरान अब तक के सबसे अधिक हमले दर्ज किए गए। अमेरिकी रक्षा मंत्री का दावा है कि ईरान की शीर्ष नेतृत्व संरचना दबाव में है और कई नेता भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता Mojtaba Khamenei इस संघर्ष में घायल हुए हैं और संभव है कि उनके चेहरे पर भी गंभीर चोट आई हो। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है। एक दिन पहले खामेनेई ने बयान जारी कर युद्ध जारी रखने का संकल्प दोहराया था। हेगसेथ ने यह भी कहा कि ईरान की रक्षा उद्योग से जुड़ी कंपनियों को निशाना बनाया जा रहा है और आने वाले समय में उनकी सैन्य क्षमताओं को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।

**कार्यक्रम** | **सेक्टर-8 पंचकूला वेलफेयर एसोसिएशन के 2026-29 कार्यकाल के लिए चुनाव सम्पन्न**

## आर.पी. मल्होत्रा चौथी बार सेक्टर-8 वेलफेयर एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-8 पंचकूला वेलफेयर एसोसिएशन के 2026-29 कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों के चुनाव में आर.पी. मल्होत्रा लगातार चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। शुक्रवार को नामांकन भरने का अंतिम दिन था और निर्धारित समय तक अन्य कोई नामांकन न आने के कारण सभी पदों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध घोषित कर दिया गया। एसोसिएशन के संविधान के अनुसार पांच पदों—अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनरल सेक्रेटरी, सचिव और वित्त सचिव—के लिए चुनाव करवाए जाते हैं। एग्जीक्यूटिव कमेटी की 22 फरवरी 2026 को हुई बैठक में सेक्टर-7 निवासी कर्नल संदीप भनोट को सर्वसम्मति से चुनाव का प्रेजाइडिंग ऑफिसर तथा संदीप सिंह को को-प्रेजाइडिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया था। कर्नल संदीप



परनीत शर्मा।



सुरेश गोयल।



आरपी मल्होत्रा



विनोद गर्ग।

भनोट ने 23 फरवरी को चुनाव नोटिस जारी करते हुए नामांकन की अंतिम तिथि 13 मार्च और चुनाव की तिथि 29 मार्च घोषित की थी। यह नोटिस सोशल मीडिया और कोरियर के माध्यम से सेक्टर-8 के घर-घर तक पहुंचाया गया।

अंतिम दिन दाखिल किए गए नामांकन में अध्यक्ष पद के लिए आर.पी. मल्होत्रा, उपाध्यक्ष के लिए रजनीश कांसल, जनरल सेक्रेटरी के लिए सुरेश कुमार गोयल, सचिव के लिए विनोद गर्ग और वित्त सचिव के लिए परनीत शर्मा ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

शाम पांच बजे तक अन्य कोई नामांकन पत्र प्राप्त नहीं होने पर प्रेजाइडिंग ऑफिसर कर्नल संदीप भनोट ने सभी उम्मीदवारों को उनके पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। गौरतलब है कि आर.पी. मल्होत्रा वर्ष 2015 से लगातार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं और अब चौथी बार इस पद पर निर्विरोध चुने गए हैं। इससे पहले वे 1994 से 2001 तक भी एसोसिएशन में जनरल सेक्रेटरी और अध्यक्ष के पदों पर रह चुके हैं। सेक्टर-8 की सुरक्षा व्यवस्था पूरे पंचकूला में बेहतर मानी जाती है। सेक्टर की समस्याओं को लेकर मल्होत्रा अपनी टीम के साथ हमेशा सक्रिय रहते हैं, जिसे उनकी लोकप्रियता का प्रमुख कारण माना जाता है। उल्लेखनीय है कि आर.पी. मल्होत्रा वर्ष 2025 में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट एसोसिएशन्स पंचकूला के भी लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे।

# प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 में 'रिपब्लिक ऑफ कोरिया कंट्री सेशन' के दौरान पंजाब-कोरिया के बीच बढ़ती औद्योगिक साझेदारी को किया गया उजागर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन (पीपीआईएस) 2026 के तहत आयोजित रिपब्लिक ऑफ कोरिया कंट्री सेशन के दौरान पंजाब और कोरिया के बीच बढ़ती आर्थिक साझेदारी को उजागर किया गया। इस अवसर पर उन्नत विनिर्माण, प्रौद्योगिकी आधारित सहयोग, एमएसएमई संबंधों तथा भविष्य के निवेश की संभावनाओं पर केंद्रित विचार-विमर्श किया गया। इस सत्र के दौरान पंजाब सरकार, रिपब्लिक ऑफ कोरिया के दूतावास, उद्योगपतियों और व्यापार प्रोत्साहन संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बीच द्विपक्षीय औद्योगिक सहयोग को और मजबूत करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। रिपब्लिक ऑफ कोरिया के दूतावास की मंत्री-काउंसलर सुश्री यूई-जिन चोन ने बताया कि भारत और कोरिया के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध काफी मजबूत हुए हैं और







वर्तमान में 670 से अधिक कोरियाई कंपनियां भारत में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जहाज निर्माण, सेमीकंडक्टर, एमएसएमई सहयोग और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में कोरियाई निवेश की संभावना है।उन्होंने रक्षा, अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग को और मजबूत करने में कोरिया की रणनीतिक रुचि को भी रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों के नागरिकों के बीच संबंधों को संस्थागत रूप देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंजाब के मजबूत औद्योगिक आधार को देखते हुए कोरिया और पंजाब के बीच साझेदारी आगे भी विस्तार करती रहेगी।

कोरिया ट्रेड-इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी (कोट्रा) के कार्यकारी निदेशक श्री जैवुक (जेक) ली ने कोरियाई कंपनियों और वैश्विक साझेदारों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को प्रोत्साहित करने में कोट्रा की भूमिका पर प्रकाश डाला और पंजाब के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कोरियाई निवेश को सुविधाजनक बनाने के प्रति अपनी रुचि दोहराई। सुनजिन इंडिया के अध्यक्ष श्री बी.के. ली ने औद्योगिक विकास के एक मजबूत इंजन के रूप में उभरने की पंजाब की क्षमता को रेखांकित किया और कोरियाई कंपनियों तथा पंजाब के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के बीच तकनीक आधारित औद्योगिक साझेदारी को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आईटी विनिर्माण, फूड प्रोसेसिंग और औद्योगिक व्यापार में सहयोग कोरिया और पंजाब के बीच आर्थिक गति को और मजबूत कर सकता है। इस सत्र के दौरान डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पंजाब और टैगहाइव, कोरिया गणराज्य के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य शिक्षा प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षण समाधानों में सहयोग को बढ़ावा देना है। डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीईओ श्री अनिरुद्ध गुप्ता और टैगहाइव के सीईओ श्री पंकज अग्रवाल ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इस समझौते का आदान-प्रदान किया।

इस सत्र को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब को एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंजाब की कृषि विरासत अत्यंत मजबूत है, लेकिन राज्य सरकार अगली पीढ़ी को आधुनिक उद्योग और व्यवसाय से जोड़ने के लिए नए क्षेत्रों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है।

## एक नजर

### ग्लोबल नेटवर्क जापान कंपनी लिमिटेड ने ग्रीन एनर्जी को उत्साहित करने के लिए पंजाब सरकार के साथ सहयोग करने में रुचि दिखाई

**मोहाली.** आज यहाँ प्लाक्षा यूनिवर्सिटी में शुरू हुए प्रोग्रेसिव पंजाब निवेशक सम्मेलन-2026 के अवसर पर ग्लोबल नेटवर्क जापान कंपनी लिमिटेड ने स्वच्छ और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ग्लोबल नेटवर्क जापान कंपनी के डॉ. रोहित बख्शी ने बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य किसानों से सीधे धान खरीदकर उसकी फसल अवशेष (पराली) से इथेनॉल तैयार करना है। यह पर्यावरण के अनुकूल और महत्वपूर्ण नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है। इसके माध्यम से फसल अवशेष का प्रभावी प्रबंधन भी संभव होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना और फसल अवशेष से ऐसे मूल्यवान उत्पाद तैयार करना है, जो अर्थव्यवस्था को सकारात्मक गति देंगे। पंजाब हर साल लगभग 20 करोड़ टन फसल अवशेष पैदा करता है और यदि इसे सही तरीके से रीसाइकिल किया जाए तो यह ग्रीन एनर्जी के इस लक्ष्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पंजाब सरकार के साथ काम करने का अनुभव काफी सकारात्मक और सहयोगपूर्ण रहा है, क्योंकि हमें हर स्तर पर उचित मार्गदर्शन मिला और हर चरण में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई। डॉ. रोहित बख्शी ने आगे बताया कि कंपनी फिलहाल समझौते के चरण में है और लगभग 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ शुरुआती तौर पर एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्लांट स्थापित करने का इरादा रखती है।

### प्रत्यर्पण के बाद पंजाब पुलिस के हत्थे चढ़ा भगोड़ा अपराधी, रेड नोटिस किया गया था जारी

**चंडीगढ़.** तिहरे हत्याकांड और मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में वांछित एवं एक मध्य एशियाई देश से निर्वासित एक भगोड़े को गिरफ्तार कर लिया गया। पंजाब पुलिस ने आज यह जानकारी दी। उसकी अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें प्रतिबंधित करने के लिए एक रेड नोटिस (रेड कॉर्नर नोटिस) और लुक-आउट सर्कुलर जारी किया गया था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीमा पार संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सक्रिय सहयोग से सनसनीखेज फिरोजपुर तिहरे हत्याकांड और मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में वांछित प्रमुख आरोपी भगोड़े भुवनेश चोपड़ा उर्फ आशीष को गिरफ्तार किया है। कानून से बचने के लिए विदेश भागने में कामयाब रहा था। मादक पदार्थों की तस्करी के अलावा चोपड़ा फिरोजपुर में अगस्त 2024 में हुए तिहरे हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता भी रहा है, जिसमें चोपड़ा और पीड़ितों में से एक दिलदीप सिंह के बीच प्रतिद्वंद्विता के बाद एक युवती और दो अन्य लोगों की हत्या कर दी गई थी।

### देश भगत यूनिवर्सिटी में स्मार्ट कृषि पर कार्यक्रम

**समराला.** देश भगत यूनिवर्सिटी गोबिंदगढ़ के पब्लिकेशन ब्यूरो के नेतृत्व में एग्रीकल्चर और जीव विज्ञान फैकल्टी के एग्रीम क्लब द्वारा जलवायु, स्मार्ट कृषि और टिकाऊ कृषि अभ्यास विषय पर एक फैकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फैकल्टी सदस्यों और प्रतिभागियों के ज्ञान को बढ़ाना था, ताकि वे टिकाऊ उत्पादकता सुनिश्चित करते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आधुनिक कृषि दृष्टिकोणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। सत्र की शुरुआत डॉ. अविनाश कुमार भाटिया के औपचारिक स्वागत भाषण से हुई।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन की टी-शर्ट जारी

■ **22 मार्च को माहिलपुर में होगी राष्ट्रीय स्तर की दौड़- डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रोड़ी**

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान ने आज शहीद-ए-आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन की आधिकारिक टी-शर्ट जारी की। यह मैराथन नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूत करने तथा पंजाब की युवा पीढ़ी को स्वस्थ और खेलों की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर उपस्थित पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर स जय कृष्ण सिंह रोड़ी ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान द्वारा चलाए जा रहे 卐नशों विरुद्ध युद्ध卐 अभियान की निरंतरता में पंजाब की युवा पीढ़ी को बचाने, युवाओं के भविष्य को सुनहरा बनाने और राज्य को फिर से हंसता-खेलता एवं रंगला बनाने के उद्देश्य से 22 मार्च 2026 को फुटबॉल की नर्सरी के रूप में प्रसिद्ध माहिलपुर (गढ़शंकर), जिला होशियारपुर में यह विशाल मैराथन आयोजित की जा रही है।

डिप्टी स्पीकर ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान ने अपना शपथ ग्रहण समारोह भी खटकड़ कलां में शहीदों को नमन करने के बाद किया था और यहां हर वर्ष शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी सम्मान के तहत शहीदी दिवस से एक दिन पहले 22 मार्च को यह मैराथन शहीद-ए-आज़म को समर्पित की जा रही है।

स जय कृष्ण सिंह रोड़ी ने कहा कि शहीद-ए-आज़म भगत सिंह ने एक स्वस्थ और मजबूत देश का सपना देखा था, जिसमें हर युवा देश की सेवा के लिए समर्पित हो। उनके इस सपने को साकार करने के लिए नशों का खात्मा करना और युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है।

ऐसी मुहिमों के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना भी मजबूत होगी। स रोड़ी ने मैराथन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस नेशनल मैराथन में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियों में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति भाग ले सकेंगे। विजेताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विशाल कार्यक्रम में पंजाब के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की भरपूर भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही देश-विदेश में नाम कमा चुकी कई प्रमुख हस्तियां भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी।

उन्होंने कहा कि यह मैराथन नशा-मुक्त पंजाब के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने और युवाओं को खेलों तथा स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



# निवेश सम्मेलन के दौरान मार्कफेड के उत्पादों में लोगों ने विशेष रुचि दिखाई

■ **शहद, मसाला गुड़, तेल, अचार और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के बारे में डेलीगेट्स ने सबसे अधिक जानकारी ली**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर.** पंजाब राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे निवेश सम्मेलन के दौरान विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों पर डेलीगेट्स द्वारा भरपूर रुचि दिखाई जा रही है।

पंजाब के सहकारी संस्थान मार्कफेड द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। इस स्टॉल पर मार्कफेड द्वारा चावल, शहद, डिब्बाबंद सब्जियां, मल्टीग्रेन दलिया, गुड़-शक्कर, सरसों का तेल, घी, अचार और आटा सहित अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया।

मार्कफेड स्टॉल के नोडल इंचार्ज अनिल कुमार पुरी ने बताया कि इस सम्मेलन में भाग लेने आए डेलीगेट्स द्वारा मार्कफेड के शहद, मसाला गुड़, तेल, अचार और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के बारे में सबसे अधिक जानकारी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि मार्कफेड के उत्पाद ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, कनाडा, अरब देशों सहित कई अन्य देशों में निर्यात किए जाते हैं और इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आज कुछ डेलीगेट्स ने अफ्रीकी देशों में मार्कफेड के उत्पादों के निर्यात के लिए मार्कफेड से संपर्क भी किया है। अनिल कुमार पुरी ने बताया कि मार्कफेड द्वारा तैयार किए गए शहद ने दुनिया के सबसे बड़े गुणवत्ता परीक्षण एन.एम.आर. (जो एक जर्मन कंपनी द्वारा किया जाता है) में पहला स्थान हासिल किया है।

# गैंगस्टरों ते वार का 52वां दिन- पंजाब पुलिस ने 587 स्थानों पर की छापेमारी

### लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से दे सकते हैं गैंगस्टरों संबंधी जानकारी

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक गैंगस्टरों ते वार मुहिम के 52वें दिन आज पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के पहचाने और मैप किए गए 587 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि गैंगस्टरों पर वार पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। 52वें दिन पुलिस टीमों ने 241 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 11 हथियार बरामद किए। इसके साथ ही इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 14,340 हो गई है।

इसके अलावा 103 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है, जबकि 102 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 3 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचना साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम युद्ध नशों विरुद्ध को 377वें दिन भी जारी रखते हुए आज 64 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 13 किलोग्राम हेरोइन, 2.6 किलोग्राम अफीम और 443 नशीली गोलियां/कैप्सूल बरामद किए गए।

इसके साथ ही केवल 377 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 53,383 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 30 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार कराने के लिए भी प्रेरित किया है।

## गैस सिलेंडर के लिए दो घंटे से कतार में खड़े बुजुर्ग की मौत

**बरनाला.** ईरान, अमेरिका-इजराइल युद्ध का असर पेट्रोल डीजल और रसोई गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर पड़ने की आशंका के बीच सिलेंडरों को लेकर मारामारी शुरू हो गई है। देश के कई हिस्सों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। बरनाला के गांव शैहना में गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े एक बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो जाने का दुखद मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। भूषण कुमार मित्तल (66) का नंबर 25वां था। वे दो घंटे लाइन में खड़े रहे, फिर अचानक गिर पड़े। 7 वहीं अमृतसर में सुबह इस्लामाबाद में एक गैस एजेंसी पर मैनेजर और ग्राहक मनोज के बीच सिलेंडर को लेकर झड़प हो गई। वहीं सिलेंडर न मिलने पर बुजुर्ग महिला रो पड़ी। दूसरी ओर केंद्र सरकार का कहना है कि सप्लाई पूरी तरह से सामान्य है।

## अमृतसर में पुलिस ने 300 खोए हुए मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए, कीमत करीब 1.5 करोड़

**अमृतसर।** पंजाब की अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने चोरी हुए मोबाइल फोनों को ढूंढने में एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की है। शुक्रवार को एसएसपी सुहेल मीर खान की अगुवाई में आयोजित विशेष समारोह में करीब 300 खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस किए गए। इन फोन की कुल कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एसएसपी सुहेल मीर खान ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, आज लगभग 300 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए हैं। फोन की कीमत 15,000 रुपए से लेकर 2 लाख रुपए तक थी। उन्होंने बताया कि यह दूसरा ऐसा मोबाइल वितरण कार्यक्रम है, पहले जनवरी में भी इसी तरह करीब 300 मोबाइल फोन लौटाए गए थे। इस बार भी तकनीकी मदद से और विभिन्न पुलिस स्टेशनों की टीमों के सहयोग से फोन ट्रेस कर मालिकों तक पहुंचाए गए। उन्होंने कहा कि कई बार फोन अन्य जिलों या राज्यों में पहुंच जाते हैं, इसलिए इन्हें ढूंढना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन पुलिस की समन्वित कोशिशों और मेहनत से सभी फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए। एसएसपी खान ने कहा कि बहुत से लोग मानते हैं कि मोबाइल खो जाने पर वापस नहीं मिल सकता, लेकिन आज का कार्यक्रम इस बात का सबूत है कि अगर सही तरीके से शिकायत दर्ज कराई जाए तो फोन वापस मिल सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल फोन में अक्सर जरूरी व्यक्तिगत और पेशेवर डाटा होता है और कई मामलों में लोग अपने कारोबार के लिए भी इन पर निर्भर होते हैं। इसलिए पुलिस इस तरह की शिकायतों को गंभीरता से लेती है। पुलिस ने जनता से अपील की कि अगर उनका मोबाइल खो जाए या चोरी हो जाए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# अमित शाह की मोगा रैली से पहले, मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब भाजपा नेताओं से पूछा- क्या आप पंजाब के हक की मांग करेंगे या चुप रहेंगे?

**चंडीगढ़.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 मार्च को मोगा में की राजनीतिक रैली से पहले, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने भाजपा की केंद्र सरकार से कई तीखे सवाल पूछे और पंजाब से अपील की रैली के दौरान भाजपा नेता अमित शाह से साफ जवाब मांगें।



मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पिछले कई सालों से पंजाब के साथ लगातार भेदभाव कर रही है और उसके साथ सौतेली माँ जैसा बर्ताव कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार के चार साल होने के बावजूद, केंद्र ने बार-बार जायज़ फंड रोके हैं और राज्य की आर्थिकता को कमज़ोर करने की कोशिश की है। मंत्री चीमा ने कहा कि आज़ादी की लड़ाई से लेकर देश का पेट भरने तक, पंजाब हमेशा चट्टान की तरह देश के साथ खड़ा रहा है। पंजाबियों ने भारत की आज़ादी के लिए बहुत कुर्बानियां दीं और हरित क्रांति के बाद देश की खाद्य सुरक्षा में बहुत बड़ा योगदान दिया। लेकिन आज, भाजपा की केंद्र सरकार जानबूझकर पंजाब को नज़रअंदाज़ कर रही है। पंजाब के मंत्री ने कहा कि पंजाब के किसानों के बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद तीन कृषि कानूनों को रद्द करने के बाद, भाजपा लीडरशिप में पंजाब के प्रति रंजिश पैदा हो गई है और तब से वे राज्य को आर्थिक रूप से कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि केंद्र ने रूरल डेवलपमेंट फंड (आडीएफ) समेत कई स्कीमों के तहत पंजाब के हज़ारों करोड़ रुपये रोक रखे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2022 में केंद्र सरकार ने इस बात पर एतराज़ जताया था कि आरडीएफ के पैसे का गलत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने तुरंत कानून में बदलाव करके यह पक्का किया कि आरडीएफ फंडों का इस्तेमाल सिर्फ़ ग्रामीण मंडियों और खेती से जुड़ी गांव की सड़कों के लिए ही किया जाएगा। इसके बावजूद, केंद्र पंजाब का बकाया रोके हुए है।

हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मीटिंग में बार-बार ये बातें उठाई हैं और ग्रामीण विकास निधि, नेशनल हेल्थ मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंजाब के बकाया फंड जारी करने की मांग की है। लेकिन, केंद्र ने किसी न किसी बहाने पेमेंट में लगातार देरी की है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पानी के संसाधनों पर पंजाब के हक को भी कमज़ोर करने की कोशिश की है। एसवाईएल नहर के मुद्दे और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) से जुड़े झगड़ों का ज़िक्र करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि केंद्र ने बार-बार पानी में पंजाब का सही हिस्सा कम करने की कोशिश की है। चीमा ने कहा कि पंजाब ने हरियाणा समेत पड़ोसी राज्यों से किए अपने वादे हमेशा पूरे किए हैं, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ऐसे फैसले ले रही है जो पंजाब के अधिकारों के लिए खतरा हैं। पंजाब अपने जायज़ दावों से कभी समझौता नहीं करेगा। एक और चिंता ज़ाहिर करते हुए, हरपाल सिंह चीमा ने सवाल किया कि क्या खेती में प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाएगा। अमेरिकी कृषि मंत्री की उस टिप्पणी का ज़िक्र करते हुए जिसमें कहा गया था कि भारतीय बाज़ार तक पहुँच से अमेरिकी किसानों को फ़ायदा होगा, उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी किसान भारतीय बाज़ार तक पहुँच बनाकर तरक्की करते हैं, तो क्या इसका मतलब है कि पंजाब के किसानों को नुकसान होगा? इस देश के लोग जवाब के हक़दार हैं। हरपाल सिंह चीमा ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार बाहरी दबाव को भारतीय किसानों और व्यापारियों पर असर डालने वाले आर्थिक फ़ैसले लेने दे रही है, जिससे लाखों लोगों की रोज़ी-रोटी खतरे में पड़ सकती है।

# सीएम सैनी ने पंचकूला में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का किया शुभारंभ

## 37 वर्षों में पहली बार वसंत उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया जा रहा है

### वसंत उत्सव हमारी संस्कृति, प्रकृति प्रेम व सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव-मुख्यमंत्री

### हरियाणा सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए कर रही है निरंतर कार्य

पंचकूला ऑब्जर्वर




**पंचकूला.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया। 37 वर्षों में पहली बार इस उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया जा रहा है। इसके साथ ही, रखरखाव के लिए साल भर से बंद एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी जनता के लिए खोला गया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम में पंहुचने पर परंपरागत पगड़ी बांध कर व ढोल नगाड़ो और वाद्ययंत्रों से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने वसंत उत्सव में फूलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कट फ्लावर, ड्राई फ्लावर और फ्रेस फ्लावर सैक्शन में फूलों की विभिन्न किस्मों में गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम को मुख्यतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वसंत उत्सव हमारी संस्कृति, प्रकृति प्रेम व सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है।

यह उत्सव पूरे प्रदेश के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंचकूला हरियाणा का एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर है। यह नगर प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित विकास का अद्भुत उदाहरण है। यहां आधुनिकता और परंपरा का सुंदर संगम दिखाई देता है और आज के इस आयोजन ने इस शहर की सुंदरता को और भी बड़ा दिया है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए पुष्प सज्जा, कट फ्लावर, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, पॉट पेंटिंग, फेस पेंटिंग और टैटू प्रतियोगिता, पर्यावरण क्विज, मेहंदी प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इन सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी बधाई दी और कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से न केवल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा बल्कि बच्चों और युवाओं में रचनात्मकता भी विकसित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का ऐसा देश है, जहां प्रकृति ने हमें अनेक ऋतुओं का वरदान दिया है। हर ऋतु अपने साथ एक नई अनुभूति और नई ऊर्जा लेकर आती है। हमारे देश की संस्कृति भी ऋतुओं के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। इसलिए हर ऋतु के आगमन पर कोई न कोई पर्व या उत्सव मनाया जाता है। वसंत उत्सव हमें जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा देता है। यह उत्सव हमें सिखाता है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और सकारात्मक परिवर्तन ही प्रगति की ओर ले जाता है। पर्यावरण से जुड़े विषयों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। इन समस्याओं का समाधान केवल प्रकृति के संरक्षण से ही संभव है। हरियाणा सरकार भी पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और जैव विविधता को सुरक्षित रखने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। पेड़ों के संरक्षण के लिए प्राणवायु देवता पेंशन योजना के तहत 75 साल से ऊपर के पेड़ों के रखरखाव के लिए 3 हजार रुपये सालाना पेंशन देने का प्रावधान किया हुआ है। अब तक 3,819 पेड़ों की पहचान करके उनके अभिरक्षकों को 2 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि पेंशन के रूप में दी गई है। इनके अलावा 1,541 अतिरिक्त पेड़ों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में 'ऑक्सीवन' विकसित करने की पहल भी शुरू की है। अब तक प्रदेश में 20 ऑक्सीवन स्थापित किए गये हैं। इसके तहत 5 से 100 एकड़ भूमि पर पेड़ लगाए जाते हैं। पंचकूला के बीड़ घग्गर तथा करनाल में पुरानी बादशाही नहर पर ऑक्सीवन का कार्य प्रगति पर है। इसमें अनेक दुर्लभ और औषधीय गुणों वाले पेड़ लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार पर्यावरण संरक्षण को पर्यटन और विकास से भी जोड़ रही है। इसी दिशा में गुरुग्राम के अरावली क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। यह परियोजना न केवल वन्य जीवों के संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बड़ाएगी। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में शामिल किए गए अनेक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वृक्ष आवरण बड़ाने और प्लाईवुड उद्योगों को और समर्थन देने के लिए हरियाणा राज्य एग्रो फोरेस्ट्री पॉलिसी लागू की जाएगी। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पंचायत भूमि और सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा और पवित्र उपवन संरक्षण के लिए सभी पवित्र उपवन को अधिसूचित किया जाएगा। इसके अलावा गांव हसनपुर, करनाल में वन विभाग की 100 एकड़ भूमि में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से एक डियर पार्क बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से आह्वान किया कि सब मिलकर इस उत्सव को जीवन के एक नए दृष्टिकोण के रूप में अपनाएं और यह संकल्प लें कि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंचकूला का यह वसंत उत्सव आने वाले वर्षों में और अधिक भव्य रूप लेगा और पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इससे पूर्व अपने स्वागतीय भाषण में पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. मकरंद पांडुरंग ने उपस्थित सभी को वसंत उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह वसंत में पुरानी पत्तियां गिरती है और नए अंकुर फूटते है उसी तरह मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा आधुनिकता और प्रगति की नई राह पर आगे बड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज का यह वातावरण हमें याद दिलाता है कि विकास तभी सार्थक है जब उसमें हमारी संस्कृति और आपसी भाईचारे के रंग घुले हो। ऐसे आयोजनों से जहां एक ओर हमारे स्थानीय कलाकारों और हस्तशिल्पों को मंच मिलता है वहीं दूसरी ओर यह पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान जाने माने शहनाई वादक पंडित लोकश आनंद के निर्देशन में संगीतमयी प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक नृत्यों के संगम का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।







## एक नजर

### भारतीय बैंकिंग में बदल रही है भरोसे की परिभाषा



**लुधियाना.** आज के दौर में बैंकिंग सिर्फ पैसे रखने या लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है। ग्राहक अब पहले से ज्यादा जागरूक हैं, उनके पास जानकारी भी है और विकल्प भी। ऐसे में वे सिर्फ बैंक की आर्थिक मजबूती नहीं देखते, बल्कि यह भी चाहते हैं कि बैंक की सेवा भरोसेमंद हो, जिम्मेदारी से काम करे और हर समय साथ खड़ा रहे। इस विषय पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों का खूब भरोसा जीता है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में हेड-रिटेल लाइबिलिटीज, टीएएससी और टीपीपी श्री हितेंद्र झा कहते हैं, कुछ समय पहले तक ग्राहकों का भरोसा बैंक की शाखा, वहाँ काम करने वाले लोगों और तय प्रक्रियाओं से बनता था। लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीक के आने से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, इसलिए अब ग्राहक सुविधा के साथ-साथ भरोसेमंद सेवा को भी उतना ही महत्व देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र का बड़ा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना रहा। इस दिशा में काफी काम भी हुआ और अब देश के अधिकतर लोग बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच बना चुके हैं। लेकिन, अब ग्राहकों की उम्मीदें इससे आगे बढ़ गई हैं। वे चाहते हैं कि उनका बैंक हर हाल में भरोसे के साथ काम करे और बदलते हालात में भी जिम्मेदारी निभाए।तकनीक ने बैंकिंग को काफी बदल दिया है। आज भुगतान कुछ ही सेकंड में हो जाता है, खाते कहीं से भी खोले जा सकते हैं और कई फैसले पहले से कहीं ज्यादा तेजी से लिए जाते हैं। इससे लोगों और कारोबार दोनों के लिए पैसों का प्रबंधन आसान हुआ है। लेकिन इसके साथ ही ग्राहकों की सतर्कता भी बढ़ी है। धोखाधड़ी और डेटा लीक जैसी घटनाओं ने लोगों को यह समझा दिया है कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था कितनी जरूरी है।

### ट्रस्ट एमएफ मिड कैप फंड लॉन्च किया



**चंडीगढ़।** ट्रस्ट म्यूचुअल फंड ने अपने नए ट्रस्ट एमएफ मिड कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। इस फंड का मुख्य उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के ज़रिए निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि हासिल करना है। सेबी के मानकों के अनुसार, यह स्कीम मुख्य रूप से उन व्यवसायों पर केंद्रित होगी जो पूर्ण बाजार पूंजीकरण के आधार पर 101वें से 250वें स्थान के बीच आते हैं। निवेशकों के लिए बेंचमार्क के तौर पर यह स्कीम निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का अनुसरण करेगी। इच्छुक निवेशकों के लिए यह न्यू फंड ऑफरसब्सक्रिप्शन के लिए 27 फरवरी, 2026 से खुल चुका है और निवेश की अंतिम तिथि 13 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। मिड-कैप कंपनियां कॉर्पोरेट जीवनचक्र के उस विशिष्ट चरण का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहाँ उद्यम अपनी शुरुआती अनिश्चितताओं को पार कर चुके होते हैं और अब बड़े स्तर पर विस्तारके लिए पूरी तरह तैयार हैं। एएमएफआई (दिसंबर 2025 तक के डेटा) के अनुसार, भारत में मिड-कैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 34,800 करोड़ रुपए से 1,04,500 करोड़ रुपए के बीच है। खास बात यह है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म, मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, इंफ्रास्ट्रक्चर और रिटेल जैसे कई उभरते हुए सेक्टर्स के %सेगमेंट लीडर्स% वर्तमान में केवल मिड-कैप श्रेणी में ही उपलब्ध हैं। ये ऐसी कंपनियां हैं जो अपनी विशिष्ट श्रेणी को परिभाषित कर रही हैं और निवेशकों को उन संभावित लार्ज-कैप कंपनियों का हिस्सा बनने का अवसर देती हैं जो भविष्य की दिग्गज बनने की ओर अग्रसर हैं। ऐतिहासिक रूप से, भारत का मिड-कैप सेगमेंट वेल्थ क्रिएशन के सबसे शक्तिशाली इंजनों में से एक साबित हुआ है। इसका प्रमाण पिछले 5 वर्षों का प्रदर्शन है, जहाँ 37 मिड-कैप कंपनियों ने निवेशकों को 3 गुना से भी अधिक रिटर्न दिया है। यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि मध्यम से लंबी अवधि के निवेश के लिए यह क्षेत्र उच्च रिटर्न उत्पन्न करने के बेहतरीन अवसर समेटे हुए है।

## चंडीगढ़ में स्वास्थ्य स्टाफ का मुद्दा, सांसद मनीष तिवारी ने मांगा डेटा, मंत्री ने नीति की बात कहकर टाला जवाब

पंचकूला ऑब्जर्वर



**नई दिल्ली/चंडीगढ़.** चंडीगढ़ से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने आज लोकसभा में चंडीगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति पर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 3521 के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री से कई अहम मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगा। तिवारी ने सबसे पहले चंडीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के स्वीकृत पदों के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कि कैडर और पद के आधार पर कितने डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं और चंडीगढ़ में डॉक्टरों के नए पद आखिरी बार कब बनाए गए थे। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी पूछा कि उस समय कितने पद बनाए गए थे, वे किस श्रेणी के थे और इस संबंध में जारी किए गए आदेशों का विवरण क्या है। चंडीगढ़ के सांसद ने खाली पदों के बारे में भी विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने विशेष रूप से मेडिसिन, सर्जरी, एनेस्थीसिया, रेडियोलॉजी और पीडियाट्रिक्स जैसी विशेषज्ञताओं के आधार पर रिक्तियों की जानकारी मांगी, ताकि डॉक्टरों की कमी की वास्तविक तस्वीर सामने आ सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी पूछा कि डॉक्टरों के पदों पर आखिरी बार नियमित भर्ती कब की गई थी, कितने पद भरे गए थे और वे किन-किन विशेषज्ञताओं से संबंधित थे।

तिवारी ने यह भी जानना चाहा कि इस समय चंडीगढ़ में कितने डॉक्टर प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर काम कर रहे हैं और वे किन-किन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या प्रतिनियुक्ति विशेषज्ञताओं की आवश्यकता के आधार पर की जाती है और इसके लिए क्या नीति या मानदंड लागू हैं।

दूसरी ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने तिवारी के सवालों के जवाब में चंडीगढ़ से संबंधित विशेष आंकड़े देने के बजाय यह कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल राज्यों का विषय है। उन्होंने जिम्मेदारी केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन पर डालते हुए कहा कि पदों का सृजन करना और रिक्तियों को भरना राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की मुख्य जिम्मेदारी होती है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, तिवारी ने कहा कि मंत्री ने उठाए गए विशिष्ट सवालों का जवाब नहीं दिया, न आंकड़े दिए, न तिथियां, न विशेषज्ञताओं के आधार पर जानकारी और न ही भर्ती या प्रतिनियुक्ति से संबंधित कोई विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने कहा कि यह कूटनीतिक तरीके से सवाल टालने का एक पुराना तरीका है। तिवारी ने कहा कि उनकी दखल का उद्देश्य चंडीगढ़ में स्वास्थ्य स्टाफिंग के मुद्दे पर पारदर्शिता और जवाबदेही लाना था, लेकिन मंत्री के जवाब ने विशेष मुद्दों से बचते हुए केवल सामान्य नीति की बात की। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा में अक्सर इस प्रकार के जवाबों को वास्तविक कमियों या खामियों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने से बचने का तरीका माना जाता है। इस दौरान एक ऐसा क्षण भी आया जिसने सामान्य कूटनीतिक टालमटोल को तोड़ दिया, जब मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के स्वास्थ्य ढांचे की चौंकाने वाली वास्तविकता सामने रखी। उन्होंने कहा कि मुझे जानकार लोगों से यह समझ में आया है कि चंडीगढ़ में कुल डाक्टरों का विवरण इस प्रकार है, जिनमें 164 मेडिकल ऑफिसर (एम ओ), 28 सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एस एम ओ) और लगभग 29 डेंटल एस एम ओ शामिल हैं, यानी कुल मिलाकर करीब 221 डॉक्टर हैं।

इनमें से लगभग 180 डॉक्टर प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं। यदि प्रतिनियुक्ति वाले डॉक्टरों को हटा दिया जाए, तो शहर के पास स्थानीय रूप से या अन्य तरीके से तैनात केवल लगभग 41 डॉक्टर ही बचते हैं। बिना किसी लाग-लपेट के तिवारी ने कहा कि शायद यही कारण है कि चंडीगढ़ प्रशासन और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय चंडीगढ़ के स्वास्थ्य ढांचे के कर्मचारियों की प्रोफाइल सार्वजनिक नहीं करना चाहते थे।

## भिवानी में नारी शक्ति का सम्मान



**भिवानी.** अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन (एबीएचआरओ) द्वारा 14 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण = परिवर्तन को प्रेरित करना रखा गया है। इस कार्यक्रम को लेकर वीरवार को स्थानीय बया रिसॉर्ट में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हवा सिंह तंवर ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान उनके साथ दिल्ली से संगठन सचिव रूपेंद्र कौर माकन, संयुक्त विनोद जिंदल, राज्य सचिव सत्यजीत पिलानिया सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव हवा सिंह तंवर ने बताया कि इस वर्ष संगठन ने देश के विभिन्न राज्यों से ऐसी महिलाओं का चयन किया है, जिन्होंने समाज, खेल, प्रशासन, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इन पुरस्कारों को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिसके तहत नारी शक्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, नारी शक्ति नेशनल अवार्ड, नारी शक्ति स्टेट अवार्ड तथा नारी शक्ति स्पेशल एप्रिसिएशन अवार्ड रहेंगे। तंवर ने बताया कि लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व डीजीपी झारखंड निर्मल कौर, और पंजाब केसरी ग्रुप की चेयरपर्सन किरण चोपड़ा जैसी दिग्गज हस्तियों को नवाजा जाएगा। वहीं नेशनल अवार्ड की श्रेणी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया, माउंट एवरेस्ट विजेता अनीता कुंडू और पैरालिंपिक क्वालीफायर अरुणा सिंह तंवर के नाम शामिल हैं। इनके अलावा प्रशासनिक सेवाओं से रश्मिता झा (आईआरएस) और डिस्ट्रिक्ट जज अलका शर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा।

स्टेट अवार्ड श्रेणी में राजस्थान की सपना मौर्य (आरएएस), ड्रोन दीदी के नाम से मशहूर निशा अग्रवाल और पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की पहली महिला अधिवक्ता सावित्री देवी (82 वर्ष) को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। स्पेशल एप्रिसिएशन अवार्ड के तहत शिक्षाविद् मंजू चुघ, यूजीसी एनईटी टॉपर आक्षी डालमिया और नेशनल सीए टॉपर रिधि अग्रवाल सहित कई उभरती प्रतिभाओं को मंच दिया जाएगा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव हवा सिंह तंवर संगठन सचिव रूपेंद्र कौर माकन, संयुक्त विनोद जिंदल, राज्य सचिव सत्यजीत पिलानिया ने कहा कि एबीएचआरओ उन महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करता है जिन्होंने तमाम बाधाओं को पार कर समाज में अपनी पहचान बनाई है।

### हांसी की नई अनाज मंडी में उमड़े जनसैलाब को पूर्व डिप्टी सीएम ने किया संबोधित

## भाजपा सरकार युवा विरोधी, प्रदेश के सुनहरे भविष्य के लिए जेजेपी से जुड़े : दिग्विजय

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक तरफ तो देश के मुखिया को विश्वगुरू कह रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कठपुतली बने हुए है। भारत में ऊर्जा जरूरतों के लिए अमेरिका फैसला ले रहा है। बाहरी दखलअंदाजी के कारण ही आज देश में गैस एवं तेल के लिए संकट बना हुआ है। यह बात हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कही। वे शुक्रवार को हांसी की नई अनाज मंडी में उमड़े जनसैलाब को संबोधित कर रहे थे। भारी भीड़ से गदगद पूर्व डिप्टी सीएम ने भाजपा को चारों तरफ से घेरते हुए उनके खिलाफ कड़ा हमला बोला। पूर्व डिप्टी सीएम ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के कारण देश एवं प्रदेश में गैस और तेल की किल्लत हो गई है और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का राजनीतिक बनवास अब समाप्त हो चुका है और अब जेजेपी के कार्यकर्ता नए जोश एवं उमंग के साथ आगे बढ़ेंगे और प्रदेश में जेजेपी की सरकार लाएंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने हमेशा ही किसान-कमेरे की लड़ाई लड़ी है और जेजेपी उन्हीं के नक्शे कदम पर चल रही है। उन्होंने कहा कि जब जेजेपी सरकार में भागीदार थी तब किसानों की फसलों का उठान दो दिन में कराकर भुगतान सीधे खातों में करवाने जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई थी, लेकिन अब किसान फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहें है। उन्होंने कहा कि जेजेपी के राज में बुजुर्गों की पेंशन एक हजार रुपए तक बढ़ा दी थी, लेकिन अब भाजपा सरकार उसी पेंशन को काटने पर तुली हुई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हांसी के 23वें जिले के रूप में गठन पर उन्हें खुशी है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भिवानी लोकसभा क्षेत्र में हांसी हलका आता था और हांसी ने भिवानी लोकसभा के चुनाव में डॉ अजय सिंह चौटाला का भरपूर साथ दिया था। इसी तरह जब वे स्वयं 2014 में हिसार लोकसभा से चुनाव लड़ रहे थे, उस समय हांसी हलका हिसार लोकसभा में आता था और तब उन्हें हांसी की जनता ने खूब प्यार दिया था। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि जेजेपी के चुनाव चिन्ह चाबी का दौर कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार-प्रसार करें।

जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने कहा कि भाजपा जात-पात, धर्म-मजहब के नाम पर आपसी भाईचारे को खराब करती है। उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को समझना होगा और उसका करारा जवाब जवाब देना होगा। बृज शर्मा ने कहा कि अजय चौटाला जननायक चौधरी देवीलाल और ओमप्रकाश चौटाला से राजनीतिक शिक्षा लेकर निरंतर जनसेवा में जुटे हुए है और जनता को उनका साथ देना चाहिए। जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला भारी भीड़ से गदगद नजर आए और उन्होंने भाजपा एवं कांग्रेस को पानी पी-पी कर कई बार कोसा। उन्होंने भाजपा को युवा विरोधी सरकार बताते हुए इससे सावधान एवं सचेत रहने की अपील की और कहा कि जननायक जनता पार्टी के साथ जुड़कर अपने प्रदेश के सुनहरे भविष्य का निर्माण करें।

### थाना छायंसा में तैनात उप-निरीक्षक 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो फरीदाबाद की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना छायंसा में तैनात उप-निरीक्षक प्रदीप को शिकायतकर्ता से 40,000 रुपये नकद रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध अभियोग संख्या 6 दिनांक 12.03.2026 धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, फरीदाबाद में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता, निवासी गांव छायंसा जिला फरीदाबाद, ने एसवी एंड एसीबी को बताया कि दिनांक 13.02.2026 को उसके ताऊ के पुत्र अपनी ईको कार से मार्केट से घर लौट रहे थे।



## अब मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं

रियलिटी शो रियलिटी शो 'द 50' से बाहर होने के बाद अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने इंटरव्यू में बड़ा बयान दिया। उन्होंने खुलकर बताया कि शो का अनुभव उनके लिए कैसा रहा और अब वह अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाना चाहती हैं। दिव्या अग्रवाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ''मुझे इस बात की खुशी है कि मैं अब इस शो से बाहर आ चुकी हूं। यह शो काफी हद तक मेल डॉमिनेटेड था और इसमें बहुत ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी शामिल थी। शो में हर कोई खुद को नोटिस करवाने की कोशिश कर रहा था। इसी वजह से कई बार कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे के बारे में अजीब और अनचाही बातें भी कह देते थे। यह माहौल कई बार असहज कर देने वाला होता था।'' दिव्या ने आगे कहा, ''मैंने यह शो अपने फैंस की वजह से किया था। लंबे समय से मेरे फैंस मुझसे कह रहे थे कि मुझे एक और रियलिटी शो में हिस्सा लेना चाहिए। इसी वजह से मैंने 'द 50' में हिस्सा लेने का फैसला किया था।''


उन्होंने कहा, 'अब मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी। मेरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अभिनय पर रहेगा। मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं।'' दिव्या अग्रवाल के करियर की बात करें तो उन्होंने मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान एक रियलिटी शो कंटेस्टेंट के तौर पर बनाई। साल 2017 में उन्होंने 'एमटीवी स्प्लिट्सविला 10' में हिस्सा लिया था। इस शो में वह अभिनेता प्रियांक शर्मा के साथ रनर-अप रहीं और यहीं से उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने कई रियलिटी शोज और टीवी प्रोजेक्ट्स में काम किया और धीरे-धीरे दर्शकों के बीच लोकप्रिय होती चली गईं। 2018 में दिव्या ने 'एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस' में हिस्सा लिया और इस शो की विजेता बनीं। इस जीत ने उन्हें टीवी इंडस्ट्री में और मजबूत पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग में डेब्यू किया और हॉरर वेब सीरीज 'रागिनी एमएमएस: रिटर्न्स' के दूसरे सीजन में नजर आईं। उनके करियर में बड़ा मोड़ तब आया वह 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 1' की विजेता बनीं। इस जीत के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और उन्हें कई वेब सीरीज, म्यूजिक वीडियो और अन्य प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिलने लगे।



# टीवी के बाद अब ओटीटी पर जादू बिखेरेंगी रूप दुर्गापाल

'स्वरागिनी,' 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी,' और 'बालवीर' जैसे कई धारावाहिकों में काम कर घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री रूप दुर्गापाल अब ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री जल्द ही आगामी वेब सीरीज 'संकल्प' में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे अभिनेता मोहम्मद जीशान अय्यूब की पत्नी माधुरी के किरदार में हैं। रूप ने अपने को-स्टार जीशान के अभिनय की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'जीशान बहुत ही शानदार अभिनेता है। एनएसडी से पढ़ाई करने और फिल्मों-वेब सीरीज में इतना अनुभव होने के कारण उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सीन्स को देखने का नजरिया, भाषा पर अच्छी पकड़ और एनर्जी ने मेरे साथ के सीन को बेहतर बनाया। मैं हर दिन सेट पर उनके आने का इंतजार करती थी।' अभिनेत्री ने आगे सीरीज की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि शानदार कलाकारों के साथ काम करना ही उन्हें इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए उत्साहित कर रहा था। अभिनेत्री ने कहा, 'जब सबके पास अच्छा काम होता है, तो सेट पर और बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नाना पाटेकर सर और प्रकाश सर के साथ काम करना एक्टिंग, फिल्म बनाने और जिंदगी के कई पहलुओं को समझने जैसा था। मेघना मलिक से भी बहुत कुछ सीखा। हम लंच और डिनर के दौरान भी खूब बातें करते थे। वे न सिर्फ बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी हैं।' उन्होंने आगे बताया कि सीरीज के लिए उन्हें ऑफर कैसे मिला था। उन्होंने बताया, 'साल 2019 तक मैंने टेलीविजन से आगे जाने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था, लेकिन कोविड के दौरान सब कुछ बदल गया। लोगों को जाते देखकर मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी बहुत छोटी है। कुछ भी कहा नहीं जा सकता। तब मैंने फैसला लिया कि अब उन चीजों को आजमाना है जिनसे पहले डर लगता था।'

उत्तराखंड के अल्मोड़ा की रहने वाली अभिनेत्री रूप ने सिल्वर स्क्रीन पर परफॉर्म करने के अलावा, थिएटर में भी काम किया, जो उनके लिए नया था। उन्होंने थिएटर को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया, 'बिना कट, रीटेक के, महीनों रिहर्सल करके स्टेज पर परफॉर्म करना काफी अजीब था, लेकिन जिंदगी की अनिश्चितता ने मुझे हिम्मत दी। स्टेज पर खड़े होकर बिना किसी डर के परफॉर्म करना शानदार अनुभव था। इसी हिम्मत ने मुझे टीवी से आगे बढ़कर वेब सीरीज में आने की ताकत दी।' अभिनेत्री का मानना है कि हर किसी का सफर अलग होता है और सब कुछ अपने सही समय पर ही होता है। उन्होंने कहा, 'शायद मेरा सफर ऐसा ही होना था। सालों की संख्या मायने नहीं रखती। मैं बहुत खुश हूं कि यह सब अपने आप हुआ।' सीरीज का निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। रूप ने निर्देशक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'प्रकाश सर के साथ काम करना किसी बड़े संस्थान में पढ़ाई करने जैसा था। साथ ही काम में मजा भी आता था और यादगार पल भी बनते थे।'



## फिल्मों में मिलने वाली फीस सिर्फ जेंडर पर निर्भर नहीं होती

बॉलीवुड में अक्सर यह चर्चा होती रहती है कि एक्टर्स और एक्ट्रेसेस की फीस में काफी फर्क होता है। इसी मुद्दे पर अब अभिनेता सैफ अली खान ने अपनी राय रखी है।

हाल ही में यूट्यूब में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान सैफ ने कहा कि फिल्मों में मिलने वाली फीस सिर्फ जेंडर पर निर्भर नहीं होती। उनके मुताबिक किसी कलाकार को कितना पैसा मिलेगा, यह काफी हद तक उसकी स्टार पावर और बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को थिएटर तक लाने की क्षमता पर निर्भर करता है। सैफ का कहना है कि अगर दो कलाकार एक जैसी स्टार वैल्यू रखते हैं, तो उन्हें बराबर पैसा मिलना चाहिए। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री का अपना एक आर्थिक गणित भी होता है। जो कलाकार ज्यादा दर्शक खींचता है, उसकी फीस भी उसी हिसाब से तय होती है।

### इंडस्ट्री में चीजें बेहतर हो रही हैं

उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ इसलिए किसी को ज्यादा या कम पैसे नहीं मिलने चाहिए कि वह मेल है या फीमेल। असल में इंडस्ट्री में यह तय होता है कि कौन स्टार बॉक्स ऑफिस पर कितना असर डाल रहा है। सैफ के मुताबिक धीरे-धीरे इंडस्ट्री में चीजें बेहतर हो रही हैं और अब पे-पैरिटी पर पहले से ज्यादा खुलकर बात हो रही है। सैफ अली खान दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के बेटे हैं। उनकी शादी अभिनेत्री करीना कपूर से हुई है।

### वर्कफ्रंट

सैफ जल्द ही नेटफ्लिक्स की पीरियड ड्रामा फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत के पहले लोकतांत्रिक चुनाव के पीछे की कहानी को दिखाती है। इस फिल्म में प्रतीक गांधी भी अहम भूमिका में हैं और इसका निर्देशन राहुल ढोलकिया ने किया है। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है। इसके अलावा सैफ के पास प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' भी पाइपलाइन में है, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, लेकिन इसकी रिलीज डेट का अभी इंतजार है। पिछले साल सैफ नेटफ्लिक्स की फिल्म 'ज्वेल थीफ: द हीस्ट बिगिन्स' में दिखाई दिए थे।

## करीना कपूर ने फिल्मों में खून-खराबे के ट्रेंड पर जाहिर की चिंता



करीना कपूर खान ने हाल ही में फिल्मों में बढ़ती हिंसा और खून-खराबे के ट्रेंड पर अपनी चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि आजकल की कई फिल्मों में पहले जैसी मस्ती, रंग, गाने और रोमांस की कमी महसूस होती है। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में करीना ने कहा कि मौजूदा समय में कई फिल्में ज्यादा 'क्राइम और खून' पर ज्यादा फोकस करती हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की फिल्मों में पहले जैसा मनोरंजन, एनर्जी, रंग और रोमांस देखने को कम मिलता है, जो कभी बॉलीवुड की पहचान हुआ करता था। करीना ने यह भी माना कि सिनेमा में बढ़ती 'हाइपर-मस्कुलिनिटी' यानी अत्यधिक मर्दानगी दिखाने का चलन उन्हें थोड़ा डराता है। उनका मानना है कि फिल्में सिर्फ एक्शन और हिंसा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें प्यार, म्यूजिक और भावनाएं भी उतनी ही जरूरी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

## शानदार अभिनेता हैं नाना पाटेकर, अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं

अभिनेत्री कुब्रा सैत, जो इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म संकल्प को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उनके साथ नाना पाटेकर हैं। फिल्म संकल्प का निर्देशन प्रकाश झा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस बीच क्रुब्रा सैत ने नाना पाटेकर के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। क्रुबा ने कहा कि उन्होंने नाना पाटेकर से अभिनय की बारीकियां सीखीं हैं, साथ ही उन्हें काम के प्रति समर्पण भी सीखने को मिला। नाना पाटेकर की तारीफ करते हुए कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर शानदार अभिनेता हैं। वह अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं। वह हर सीन को बहुत गंभीरता से लेते हैं और उसकी तैयारी भी उतनी ही मेहनत से करते हैं। वह अक्सर अगले दिन के सीन्स की कहानी खुद अपने हाथों से लिखते हैं और फिर उसकी हर लाइन को याद भी करते हैं। कुब्रा ने कहा, नाना पाटेकर की लिखने की शैली बहुत प्रभावशाली है और काम करने का तरीका भी बेहद अलग है। सेट पर उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए किसी सीखने वाली क्लास की तरह है। सेट के बारे में बताते हुए कुब्रा ने कहा, संकल्प के सेट पर कलाकारों के बीच काफी सहयोग भरा माहौल था, जहां हर कोई एक-दूसरे से कुछ नया सीख रहा था। नाना पाटेकर जैसे कलाकार नई पीढ़ी के अभिनेताओं के लिए एक प्रेरणा हैं और उनके साथ काम करना किसी सौभाग्य से कम नहीं है।





# अपनी पर्सनल लाइफ के मुद्दे मैं खुद संभाल लूंगा

**एक्टर और राजनेता थलापति विजय इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। वजह है उनकी पर्सनल जिंदगी। विजय की पत्नी ने संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए अर्जी डाली है। उन्होंने विजय के एक अभिनेत्री से अफेयर की बात कही है। इसके बाद विजय का नाम एक्ट्रेस तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। इस बीच हाल ही में विजय तृषा के साथ एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वहीं विजय की फिल्म 'जन नायकन' को लेकर भी विवाद अभी तक थमा नहीं है। इस बीच अब विजय ने अपने आसपास की हाल ही की समस्याओं पर बात की है।**

अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने थलापति विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह वीडियो चेन्नई में उनकी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) के महिला दिवस कार्यक्रम का है। इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विजय ने अपनी हालिया समस्याओं को लेकर बात की। वीडियो में विजय अपने प्रशंसकों से अपील करते हुए दिख रहे हैं कि वे उनकी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त न हों। उन्होंने कहा, 'कृपया मेरे आसपास की हाल की समस्याओं के बारे में चिंता न करें। ये मुद्दे आपके समय के लायक नहीं हैं। मैं इन्हें खुद संभाल लूंगा। मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है, जब आप मेरी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त होते हैं। कृपया मेरे लिए यह बोझ न उठाएं। इसके बजाय, लोगों के कल्याण पर ध्यान दें।'

### पत्नी ने दायर की विजय से तलाक की याचिका

विजय की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई हैं, जब उनका निजी जीवन ऑनलाइन और मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ समय पहले ही उनकी पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए याचिका दायर की थी। विजय और संगीता का विवाह अगस्त 1999 में हुआ था और उनके दो बच्चे हैं - जेसन संजय और दिव्या शशा। पत्नी ने याचिका में आरोप लगाया गया है कि विजय का एक महिला अभिनेत्री के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। याचिका के अनुसार, संगीता को इस कथित संबंध के बारे में 2021 में पता चला। संगीता ने बाद में निवास सुरक्षा और आर्थिक सहायता के लिए एक और याचिका दायर की।

### तृषा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विजय

पत्नी के आरोपों के बाद विजय का नाम तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। तृषा और विजय का नाम इससे पहले भी जोड़ा गया था। हालांकि, बाद में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया, लेकिन तृषा ने अभी तक शादी नहीं की है। ऐसे में जब पत्नी ने ये आरोप लगाए, तो सोशल मीडिया पर एक बार फिर तृषा का नाम विजय के साथ जोड़ा जाने लगा। इन आरोपों के बीच विजय तृषा के साथ फिल्म निर्माता कलपथी सुरेश और मीनाक्षी के बेटे के विवाह समारोह में पहुंचे। विजय और तृषा एक ही कार में समारोह में पहुंचे और साथ ही वहां से जाते हुए भी देखे गए। इसके बाद संगीता ने एक नई याचिका भी दायर की है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com